# SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED

Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi – 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 Fax No.–011-28315044/ 0124-2719100

==========================================================

**To,** **Date: 13th February, 2024**
**The Manager- Listing**
**BSE Limited**
**25th Floor, P.J. Towers,**
**Dalal Street, Mumbai- 400 001**

**Sub: Submission of copies of newspapers cutting in which Unaudited Financial Results for the quarter ended 31st December 2023 were published.**
**[Scrip Code: 530265]**

Dear Sir,

Please find attached herewith copies of newspapers cutting (Financial Express and Haribhoomi) in which Unaudited Financial Results for the quarter ended on 31st December, 2023 were published.

Request you to take the same on your records.

**Thanking You,**
**Yours faithfully,**

**For Sainik Finance & Industries Limited**

PIYUSH GARG
Digitally signed by PIYUSH GARG
Date: 2024.02.13 11:32:44 +05'30'

**Piyush Garg**
**Company Secretary &**
**Compliance Officer**

Encl.: As above

# फगवाड़ा में लंच, शंभू बॉर्डर पर डिनर... ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर दिल्ली की तरफ बढ़ रहे हैं किसान, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, कई जगह धारा 144 लागू


**नई दिल्ली।** किसानों के मार्च को देखते हुए दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लगा दी गई है। दिल्ली में भीड़ जुटाने, लाउडस्पीकर और ट्रैक्टरों की एंट्री बैन कर दी है। इसके साथ हथियारों से लेकर लाठी-पत्थर भी दिल्ली में नहीं ले जाने दिए जाएंगे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए नेशनल हाइवे पर सीमेंट के स्लैब, कंटीली तारें, लोहे की कीलें लगाई, खुदाई की गई है। पंजाब से आने वाले किसानों को रोकने के लिए अंबाला के शंभू बॉर्डर और फतेहाबाद में बैरिकेड्स और लोहे की कीलें लगा दी गई हैं।




**पंजाब-हरियाणाः हाईवे बंद, पुलिस की कंपनियां तैनात**

- पंजाब और हरियाणा के शंभू, खनौरी बॉर्डर सील
- हरियाणा और दिल्ली के सिंघु, टिकरी बॉर्डर सील
- हरियाणा में बीएसएफ और सीआरपीएफ की 64 कंपनियां तैनात
- हरियाणा के सिरसा में तीन अस्थाई जेलें बनाई।
- हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट बंद, 15 जिलों में धारा 144 लागू।
- सिरसा और फतेहाबाद के रतिया में सड़क खोदी।
- अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे बंद किया।
- हिसार के हांसी और कैथल में सड़कों के किनारे पर खाई बनाई।
- ट्रैक्टर ट्रॉली पर किसी भी तरह के प्रदर्शन करने पर रोक।





**गाजियाबादः गाजीपुर मुर्गा मंडी का रास्ता बंद**

- यूपी को दिल्ली से जोड़ने वाले गाजीपुर मुर्गा मंडी का रास्ता बंद।
- यूपी को दिल्ली से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-9 की सर्विस लेन पर सीमेंट की 3 फुट मोटी पक्की दीवार खड़ी कर दी गई।
- दीवार के दोनों तरफ सीमेंट के मोटे-मोटे बैरिकेट्स लगाए गए। इसके बाद लोहे की बैरिकेडिंग लगाई गई।
- गाजियाबाद में धारा-144 लागू।



पंजाब के फगवाड़ा में किसानों ने लंच किया है और उनकी कोशिश है कि शंभू बॉर्डर पर डिनर किया जाए। लुधियाना और खन्ना होते हुए किसान राजपुरा से अंबाला की तरफ मार्च करेंगे।

---

### पीएम ने रोजगार मेले में एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया, कहा

# हमारा प्रयास युवाओं को भारत सरकार के साथ जोड़ना और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना है

**'कर्मयोगी भवन' के पहले चरण की आधारशिला रखी**

*पीएम नरेंद्र मोदी ने नवनियुक्त लोगों को एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बना दिया है।*

- *रोजगार मेले से रेलवे में भर्ती*
- *अर्धसैनिक बलों में नई नियुक्तियां की*
- *भारत में 1.25 लाख स्टार्टअप*
- *बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए 11 लाख करोड़ रुपए*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त लोगों को एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने नई दिल्ली में एकीकृत परिसर 'कर्मयोगी भवन' के पहले चरण की आधारशिला भी रखी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तंभों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देगा।






**सीमावर्ती और उग्रवाद जिलों का कोटा बढ़ाया**

पीएम ने अर्धसैनिक बलों के लिए चयन प्रक्रिया में सुधारों पर जोर दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इस जनवरी से परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 भारतीय भाषाओं में आयोजित की जा रही है। इससे लाखों अभ्यर्थियों को समान अवसर मिलेगा। उन्होंने सीमावर्ती और उग्रवाद प्रभावित जिलों के लिए कोटा बढ़ाये जाने की भी जानकारी दी।

**सभी को समान अवसर**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार में युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने का अभियान तेजी से जारी है। पीएम ने कहा कि वर्तमान सरकार ने निर्धारित समय के तहत भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बना दिया है। इससे प्रत्येक युवा को अपनी क्षमताएं प्रदर्शित करने के समान अवसर प्राप्त हुए हैं।

**डेढ़ गुना अधिक रोजगार दिए**

पीएम मोदी ने कहा कि आज हर युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल के साथ अपने रोजगार की स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को राष्ट्र के विकास में सहभागी बनाने का निरंतर रूप से प्रयास कर रही है। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में डेढ़ गुना अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान किए हैं।

**रूफटॉप सोलर प्लांट योजना से रोजगार सृजन**

पीएम ने बजट में एक करोड़ रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे परिवारों का बिजली बिल कम होगा और वे ग्रिड को बिजली की आपूर्ति करके आर्थिक लाभ कमाने में सक्षम होंगे।

**कर्मयोगी भारत पोर्टल का 30 लाख लोगों को लाभ**

पीएम ने नवनियुक्त कर्मयोगियों से हर दिन राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होने का आह्वान किया। श्री मोदी ने उन्हें कर्मयोगी भारत पोर्टल के बारे में जानकारी दी, जिसमें 800 से अधिक पाठ्यक्रम हैं और इसके 30 लाख उपयोगकर्ता हैं। पीएम ने उनसे इसका पूरा लाभ उठाने की अपील की।

---

**हल्द्वानी हिंसा पर सीएम धामी का बड़ा फैसला**

# जहां अतिक्रमण हटा, अब वहीं बनेगा 'पुलिस थाना'

एजेंसी ▶▶ नैनीताल



हल्द्वानी हिंसा में जिस जगह से अवैध अतिक्रमण हटाया गया वहां पर अब पुलिस थाने का निर्माण किया जाएगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि हिंसा करने वालों के लिए उत्तराखंड में कोई जगह नहीं है। बनभूलपुरा, हल्द्वानी में जिस जगह से अवैध अतिक्रमण हटाया गया वहां पर अब पुलिस थाने का निर्माण किया जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि उपद्रवियों और दंगाइयों के लिए हमारी सरकार का यह स्पष्ट संदेश है कि देवभूमि की शांति से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा, ऐसे उपद्रवियों के लिए उत्तराखंड में कोई स्थान नहीं है। सीएम ने कहा कि मालिक के बगीचे से जहां पर अतिक्रमण हटाया गया है अब वहीं पुलिस थाना बनाया जाएगा।

**बनभूलपुरा से पलायन तेज**

हल्द्वानी पुलिस की कार्रवाई के डर से लोगों का बनभूलपुरा को छोड़ना जारी है। अब तक करीब 300 परिवार घर में ताला लगाकर यूपी चले गए हैं। क्षेत्र से लोगों का पलायन लगातार जारी है। कई दिनों तक कर्फ्यू रहने की आशंका और पुलिस से डरकर लोगों ने पलायन तेज कर दिया है। रविवार सुबह पांच बजे से बरेली रोड पर कई परिवार सामान लेकर पैदल जाते दिखाई दिए।

**गिरफ्तार 25 उपद्रवियों पर मुकदमा**

पुलिस ने गिरफ्तार किए गए 25 उपद्रवियों के खिलाफ दंगा करने, डकैती करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, जान से मारने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज किए गए थे। इसमें से नामजद और 5000 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों की मदद से एक नामजद और 11 अज्ञात लोगों को गिरफ्तार किया।

## हेमंत सोरेन को झटका ईडी की हिरासत बढ़ी

**रांची।** रांची की पीएमएलए अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की रिमांड 3 दिन और बढ़ा दी है। इससे पहले सात फरवरी को उनकी हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ाई थी। बता दें कि 31 जनवरी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 7घंटे की पूछताछ के बाद सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले सोरेन को ईडी की हिरासत में राज्यपाल से मिलकर सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था।



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **राजू उर्फ गंजा**, पुत्र किशन पाल, निवासी पी–29, गली नं. 12, शंकर नगर एक्सटेंशन, दिल्ली, ने **एफआईआर संख्या 584/2015, दिनांक 14.08.2015, धारा 506/509 आईपीसी, पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ गंजा**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ गंजा**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ गंजा**, केस **एफआईआर संख्या 584/2015, दिनांक 14.08.2015, धारा 506/509 आईपीसी, पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**छाया त्यागी,**
महानगर दण्डाधिकारी (पूर्व) – 05,
कमरा नंबर 03, दूसरी मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/1626/SHD/2024**
**(Court Matter)**

---

## भाजपा में शामिल हुईं शहनाज गनई



**नई दिल्ली।** नेशनल कांफ्रेंस की पूर्व एमएलसी डॉ. शहनाज गनई भाजपा में शामिल हो गई हैं। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू कश्मीर के पार्टी प्रभारी तरुण चुघ, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने उनका भाजपा में स्वागत किया।

**एनडीए में शामिल होंगे जयंत चौधरी**

# सभी साथ, मैंने सभी विधायकों से बात कर ली है

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) अध्यक्ष जयंत चौधरी ने एनडीए में शामिल होने का ऐलान किया है। जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने अपने सारे विधायकों से बात कर ली है। हमें अल्प समय में फैसला लेना पड़ा, परिस्थितियां ऐसी थीं कि एनडीए के साथ जाने का फैसला लिया।

जयंत चौधरी ने कहा कि हमारे सभी विधायक और कार्यकर्ता हमारे साथ हैं। हाल ही मोदी सरकार द्वारा जंयत चौधरी के दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को



भारत रत्न देने का ऐलान किया गया था। तब उन्होंने भारत के राष्ट्रपति और विशेष रूप से पीएम मोदी को धन्यवाद दिया था। जिसके बाद से उनके के एनडीए में जाने की अटकलें थी। हालांकि अब उन्होंने साफ कर दिया है कि वह जल्द ही भाजपा के साथ गठबंधन करेंगे।

**जया बच्चन समेत 3 लोग जाएंगे राज्यसभा**

यूपी में राज्यसभा की 10 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की तरफ से मौजूदा राज्यसभा सांसद जया बच्चन को रिपीट किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व आईएएस और यूपी के चीफ सेक्रेटरी रहे अलोक रंजन व वेस्ट यूपी के दलित नेता रामजी लाल सुमन का नाम फाइनल है। सपा मुख्यालय पर हुई बैठक के बाद राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव टिकटों को लेकर मंथन हो चुका है। सब फाइनल है। इस बाबत अब कोई बैठक नहीं हो रही है।

**6 दिवसीय राष्ट्रीय 'दिव्य कला मेले' का समापन**

# दिव्यांग कारीगरों, उद्यमियों और कलाकारों ने किया हुनर का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ अगरतला

त्रिपुरा के अगरतला में चल रहे 6 दिवसीय दिव्य कला मेले का समापन त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू तथा केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक द्वारा दिव्यांगजन को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। दिव्यांगजनों के लिए देश भर में लगाए जा रहे राष्ट्रीय स्तर के मेले को 'दिव्य कला मेलाश का नाम दिया गया है। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एनडीएफडीसी की योजनाओं के तहत मेले में त्रिपुरा राज्य के

**20 लाख से अधिक का कारोबार**



मेले में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, सीआरसी अगरतला, डीडीआरसी, आईसीएफएआई, यूनिवर्सिटी, त्रिपुरा ने भागीदारी की। गौरतलब है कि यह मेला दिव्यांगजन में छुपे हुए विभिन्न प्रकार के टैलेंट को उजागर करने का मंच बन गया। दिव्यांगजन ने अब तक लगभग 20 लाख से अधिक का कारोबार किया है। मेला में गृह सज्जा, जीवन शैली, वस्त्र, स्टेशनरी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड भोजन और

**16 राज्यों से 60 दिव्यांग आए**

इस मेले के आयोजन में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 60 दिव्यांग कारीगरों, उद्यमियों, कलाकारों ने अपने उत्पादों तथा हुनर का

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

Regd. Off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036 Fax : 011-28315044
Corp. Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-8, Gurgaon (Haryana)-122001, Ph.0124-2719000, Fax : 0124-2719100
CIN: L26912DL1991PLC045449, Website : www.sainikfinance.com, Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

**Extract of Statement of Standalone Financial Results of the Company for the quarter ended on 31 December 2023**

(Rs. in Lakhs)

| Sl. | Particulars | 3 months ended (Unaudited) | 3 months ended (Unaudited) | Corresponding 3 months ended in the previous year (Unaudited) | 9 months ended (Unaudited) | Corresponding 9 months ended in the previous year (Unaudited) | Year to date figures for current year ended (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| 1 | Total Income from operations | 377.38 | 405.62 | 469.01 | 1,163.30 | 1,382.33 | 1,824.19 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | (53.04) | 158.86 | 90.31 | 202.39 | 55.11 | 233.83 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | (53.04) | 158.86 | 90.31 | 202.39 | 55.11 | 233.83 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | (39.70) | 118.88 | 80.86 | 151.44 | (177.62) | (8.75) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | (39.70) | 118.88 | 80.86 | 151.44 | (177.62) | (15.94) |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as per previous financial year | - | - | - | - | - | 2,452.56 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted : | (0.36) (0.36) | 1.09 1.09 | 0.74 0.74 | 1.39 1.39 | (1.63) (1.63) | (0.08) (0.08) |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the detailed format of quartery Financial Result for the quarter ended 31 December 2023 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2. The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 12 February 2024. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015.

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
sd/-
Rudra Sen Sindhu
Director

Place: Gurugram (Haryana)